सुविचा इच्छा का समुद्र हमेशा अतृप्त रहता है I

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ | अंक - ६ | २२/०४/२०२४ | पृष्ठ - ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## अवैध संबंध पर मुम्बई Hc की सख्त टिप्पणी अवैध सबंध तलाक का आधार नही

जरूरी नही महिला अच्छी पत्नी तो वह अच्छी माँ भी नही हो एचसी मुम्बई



बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि पति–पत्नी का अवैध संबंध तलाक का आधार हो सकता है, लेकिन बच्चे की कस्टडी न देने का नहीं। जस्टिस राजेश पाटिल की सिंगल बेंच ने 12 अप्रैल को एक 9 साल की बच्ची की कस्टडी उसकी मां को सौंपने का निर्देश देते हुए ये टिप्पणी की। कोर्ट ने एक शख्स की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने अपनी बेटी की कस्टडी पत्नी को देने को लेकर फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की वकील इंदिरा जयसिंह ने कोर्ट से कहा कि महिला के कई अवैध संबंध हैं, इसलिए बच्चे की कस्टडी पिता को मिलनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि जरूरी नहीं कि महिला अच्छी पत्नी नहीं है तो वह अच्छी मां भी न हो। जस्टिस पाटिल ने कहा कि बच्ची सिर्फ 9 साल की है, जो कि युवावस्था से पहले की उम्र है। ऐसे मामलों में बच्ची का अपनी मां के साथ रहना ही उसके लिए सही है। याचिकाकर्ता महाराष्ट्र की पूर्व विधायक का बेटा है। शख्स पेशे से प्रोफेशनल है। 2015 में उनकी बेटी का जन्म हुआ। पत्नी ने 2019 में दावा किया कि पति और ससुरालवालों ने उसे घर से निकाल दिया और उससे उसकी बेटी भी छीन ली। महिला ने 2020 में पति और ससुराल वालों के खिलाफ उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी। दूसरी तरफ, महिला के पति ने कहा कि वह अपनी मर्जी से घर छोड़ कर गई थी। पति ने क्रूरता के आधार पर पत्नी से तलाक की अर्जी दायर की। फरवरी 2023 में फैमिली कोर्ट ने पत्नी को बच्ची की कस्टडी दे दी। बच्ची 24 फरवरी, 2023 से 9 फरवरी, 2024 तक लगभग एक साल अपनी मां के पास रही।

## रामलला का पहला सुर्य तिलक ,अष्टधातु के २० पाईप ६५ फीट सिस्टम के साथ ४ मिमर ४ लेंस से

*हर साल रामनवमी पर सूर्य किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी*



रामनवमी पर अयोध्या में विराजमान रामलला का पहला सूर्य तिलक हुआ। 3 मिनट तक रामलला के मस्तक पर सूर्य किरणें पड़ीं। इसके लिए बेंगलुरु की कंपनी ने अष्टधातु के 20 पाइप से यह सिस्टम तैयार किया। कंपनी ने 1.20 करोड़ का ये सिस्टम मंदिर को डोनेट किया। 65 फीट लंबाई के इस सिस्टम में अष्टधातु के 20 पाइप लगाए गए। हर पाइप की लंबाई करीब 1 मीटर है। इन पाइप को फर्स्ट फ्लोर की सीलिंग से जोड़ते हुए मंदिर के अंदर लाया गया। गर्म किरणें रामलला के मस्तक पर न पड़ें, इसलिए फिल्टर का इस्तेमाल किया गया। सूर्य तिलक में लगने वाले पाइप से लेकर मिरर तक, सभीचीजें बेंगलुरु की कंपनीऑप्टिक्स एंड एलाइड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (ऑप्टिका) ने तैयार कीं। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रुड़की ने इसे डिजाइन किया। वहीं, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स बेंगलुरु ने पाइप, मिरर और फिल्टर को फिट किया। इसकी लागत 1.20 करोड़ रुपए आई। ऑप्टिका कंपनी के मालिक ने इसके लिए एक भी पैसा नहीं लिया। हर साल रामनवमी पर सूर्य किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी। साल 2043 तक इसकी टाइमिंग भी बढ़ेगी। 2043 में 2024 की टाइमिंग को रिपीट किया जाएगा।

## डीडी न्युज के लोगो का रंग हुआ नारंगी , टीएमसी ने कहा भगवा रंग

रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जे का प्रयास - पर्व सुचना प्रसारण मंत्री व कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी

पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चौनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्वसीइव जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है।कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा– दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है।

## भारत ने फिलीपींस को सौंपी ब्रह्मोस मिसाइल

भारत की ब्रह्मपुत्र ओर रूस की मास्कोवा नदी के नाम पर बनी ब्रह्मोस



भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप दे दी है। 37 करोड़ 50 लाख डॉलर के इस सौदे से चीन के खिलाफ फिलीपींस की स्थिति मजबूत होगी। आपको बता दें कि फिलीपींस और चीन का तनाव काफी बढ़ गया है। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप दे दी है। 37 करोड़ 50 लाख डॉलर के इस सौदे से चीन के खिलाफ फिलीपींस की स्थिति मजबूत होगी। आपको बता दें कि फिलीपींस और चीन का तनाव काफी बढ़ गया है।दक्षिण चीन सागर में चीन अपनी दादागिरी से फिलीपींस के लिए परेशानी बन गया है। आपको बता दें कि इस मिसाइल का नाम भारत और रूस की नदियों पर रखा गया है। इस मिसाइल को दोनों देशों ने मिलकर भारत में बनाया था।

## त्रिपुरा के अगरतला में पीएम मोदी की रेली



एएनआई, अगरतला। नरेंद्र मोदी ने त्रिपुरा के अगरतला में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कम्युनिस्ट और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ने त्रिपुरा के लोगों को लूटने का काम किया। पीएम मोदी के भाषण के प्रमुख अंशपीएम मोदी ने कहा कि आजादी के इतने दशकों में कांग्रेस के शासन के दौरान नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के सामर्थ्य के साथ न्याय नहीं हुआ। यहां कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा के लोगों को तबाह करने के अलावा कुछ नहीं किया, लेकिन आज दिल्ली मे एक ऐसी सरकार है जो नॉर्थ ईस्ट और त्रिपुरा के लोगों के बारे में लगातार सोचती है।नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मोदी सरकार में आपका मोबाइल बिल 400–500 रुपये है, लेकिन अगर दिल्ली में कांग्रेस की सरकार होती तो आपका मोबाइल बिल 4000 या 5000 रुपये से कम नहीं होता। पहले, राजनीतिक दलों को उत्तर पूर्व की याद तभी आती थी, जब उन्हें आपके वोटों की जरूरत होती थी। कांग्रेस के शासन के दौरान उत्तर पूर्व के लिए केवल एक ही नीति थी कि पूर्व को लूटो नीति।

## मणिपुर की 11 बुथों पर दौबारा वोटिंग के आदेश पुन: 22 को हो रहे चुनाव

बेगलुरू में पानी की कमी को देखकर मोदी का तन्ज




मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने शनिवार (20 अप्रैल) को इसे लेकर आदेश जारी किया।

इन बूथों पर 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में वोटिंग के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी।जिन 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग होगी, उसमें साजेबखुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू (नॉर्थ–ए), बामन कंपू (नॉर्थ–बी), बामन कंपू (साउथ–वेस्ट), बामन कंपू (साउथ–ईस्ट), खोंगमान जोन–वी (ए), इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई, इरोइशेम्बा मयाई लेइकाई और खैदेम माखा शामिल

## भारतीय नौसेना के नए चीफ नियुक्त हुए वाईस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

हरि ओम कुमार की जगह लेंगे दिनेश त्रिपाठी



वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का नया चीफ नियुक्त किया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार देर रात इसकी घोषणा की। दिनेश त्रिपाठी वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। वे 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं। दिनेश त्रिपाठी इसी दिन पदभार संभालेंगे। दिनेश त्रिपाठी अभी नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ हैं। वे इससे पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ रह चुके हैं। अपने 39 साल लंबे करियर में उन्होंने भारतीय नौसेना के कई अहम असाइनमेंट्स पर काम किया है। कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर स्पेशलिस्ट हैं नए नेवी चीफ वाइस एडमिरल दिनेश 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना में कमीशंड हुए थे। वे कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर स्पेशलिस्ट हैं। वे नौसेना के फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल कम्युनिकेशन ऑफिसर और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर ऑफिसर रहे हैं। उन्होंने गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मुंबई के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और प्रिंसिपल वारफेयर ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। दिनेश त्रिपाठी ने आईएनएस किर्च, त्रिशूल और विनाश जैसे नौसैनिक जहाजों की कमान भी संभाली है।

## शुगर के बाद भी केजरीवाल खा रहे जेल में मिठाई ?

**यह जमानत का तरीका है**

केजरीवाल के वकिल ने कहा इडी ने बनाया मुद्दा मामल कोट मे विचाराधीन



ईडी ने कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। ईडी का कहना है कि केजरीवाल अपनी जमानत के लिए एक आधार बना रहे हैं। केजरीवाल ने कोर्ट में कहा है कि उन्हें हाई ब्लड शुगर है, लेकिन वह जेल में आम व मिठाई खा रहे हैं।दिल्लीके सीएम अरविंदकेजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कीथी कि उन्हें अपने निजी चिकित्सक से कंसल्ट करने की अनुमति दी जाए। इस आवेदन पर ईडी ने कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। ईडी का कहना है कि केजरीवाल अपनी जमानतके लिए एक आधार बना रहे हैं। केजरीवाल ने कोर्ट में कहा है कि उन्हें हाई ब्लड शुगर है, लेकिन वह जेल में आम व मिठाई खा रहे हैं। ईडी ने कोर्ट में अरविंद केजरीवाल का डाइट चार्ट पेश किया है। उनकी डाइट में हर वो चीजें शामिल हैं, जिसको खाने से एक शुगर के मरीज की तबियत खराब हो सकती है। उनकी डाइट में आम व मिठाई है।

यह ईडी द्वारा बनाया गया मुद्दा है, जिससे घर का खाना भी बंद कर दिया जाए। यह उनके स्वास्थ्य से संबंधित है। वह जो कुछ भी खा रहे हैं, वह डॉक्टर के निर्धारित आहार के अनुसार है। - विवेक जैन केजरीवाल के वकिल ।




डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



# खबरों के लिए लोगिंग करे !

# https://sbpatra.in/


## एमपी मे अप्रेल में महिने के अंत में तेज गर्मी आँधी ,तुफान, बारीश की चेतावनी



बारिश, आंधी–ओले का दौर थमने के बाद मध्यप्रदेश में गर्मी का असर बढ़ गया है। गुरुवार को इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर–उज्जैन समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन यानी, 19 और 20 अप्रैल को गर्मी का असर रहने का अनुमान जताया है। 21 अप्रैल से अगले 3 दिन के लिए आंधी–बारिश का दौर फिर से शुरू हो सकताहै।मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका प्रदेश में असर रहेगा। इस वजह से भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन भी भीगेंगे।

अभी धार सबसे गर्म

गुरुवार को सीजन में पहली बार प्रदेश में तेज गर्मी पड़ी। सबसे गर्म धार रहा। नौगांव, गुना, शिवपुरी और धार सबसे गर्म रहे। यहां पारा 41 डिग्री से ज्यादा रहा। धार में सबसे अधिक 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बैतूल, सागर, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, खरगोन, सतना, शाजापुर, दमोह, उज्जैन, रीवा, मंडला, मलाजखंड, रतलाम, खजुराहो और नर्मदापुरम में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा।

## आदर्श आचरण संहिता के एक माह में ११७ करोड़ से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्रियां जब्त

### लोकसभा निर्वाचन २०१९ में ८५.१२ करोड़ की जब्ती की गई थी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 15 अप्रैल तक 18 करोड़ 30 लाख 13 हजार 224 रूपये नगद राशि सहित 117 करोड़ 97 लाख 15 हजार 39 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं।

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन–2019 में आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन – 2024 की आचरण संहिता अवधि में मात्र एक माहमें ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग 32 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं। गत 15 अप्रैल, 2024 तक जब्त सामग्री में 18 लाख 63 हजार 145 लीटर मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 28 करोड़ 38 लाख 11 हजार 595 रुपये है। इसी तरह 20 करोड़ 62 लाख 24 हजार 820 रुपये मूल्य के 15 हजार 467 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 9 करोड़ 95 लाख 56 हजार 602 रुपये मूल्य की 468 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 40 करोड़ 71 लाख 8 हजार 798 रूपये मूल्य की अन्य सामग्री भी जब्त की गई हैं।

## प्रथम चरण के लिये १७ अप्रैल को शाम ६ बजे से बंद होगा चुनाव प्रचार

### विधानसभा क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा में शाम ४ बजे बंद होगा प्रचार

लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में एमपी के 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 17 अप्रैलकी शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के 3 विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान होना है, अतरू इन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से ही चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बतायाहै कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार–प्रसार समाप्त होने की समय–सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु सघन अभियान चलाया जाता है। प्रथम चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी, शहडोल, जबलपुर, मण्डला, बालाघाट और छिन्दवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

## भेष बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था दुष्कर्म का आरोपित, पुलिस ने गुजरात से दिल्ली जाते समय किया गिरफ्तार

### सात हजार रूपए इनाम घोषित था आरापी कपिल उर्फ बिट्टू पर जो भेष बदलकर अलग अलग जगह रहता था।



कई महीनों से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को क्राइम ब्रांच और महिला थाने की टीम ने आगरा–धौलपुर रोड पर मनिया के पास से पकड़ा है। वह गुजरात के जामनगर से दिल्ली जाने के लिए बस में सवार हुआ था। यह खबर पुलिस को मिल गई और पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपित पर ग्वालियर पुलिस की ओर से 7 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बंद कर रखा था मोबाईल ही थी। राजस्थानथाटीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साठ फुटा रोड द्वारिकाधीश कालोनी का रहने वाला कपिल उर्फ बिट्टू पुत्र लक्ष्मण चौकोटिया लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर महिला थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज था। एफआइआर होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। एसपी की ओर से उसकी गिरफ्तारी पर 7 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसने मोबाइल बंद कर रखा था, इसके चलते पुलिस उसे ढूंढ नहीं पा रऔर गुजरात के अलग–अलग शहरों में भेष बदलकर रह रहा था। उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए कभी दाढ़ी बढ़ाई तो कभी बाल।

आरोपित को ग्वालियर लाई पुलिस – पुलिस को सूचना मिली कि वह जामनगर से जयपुर होते हुए दिल्ली जाएगा। जामनगर से जयपुर फिर जयपुर से आगरा की ओर आएगा। फिर वह दिल्ली जाएगा। उसकी बस का नंबर भी पुलिस को मिल गया। इसके बाद क्राइम ब्रांच प्रभारी अजय पवार, महिला थाना प्रभारी दीप्ति तोमर और उनकी टीम आरोपित की घेराबंदी में लग गए। जयपुर से आगरा आने वाली बस में वह सवार हुआ। आगरा–धौलपुर रोड पर मनिया के पास पुलिस ने बस को घेर लिया। बस के अंदर से आरोपित को पकड़ लिया। उसने पुलिस का विरोध किया। फिर टीम उसे लेकर ग्वालियर आई।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदाताओं से की अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन–2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि 19 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबुत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है।

## पटवारी को हाईकोर्ट को पटवारी की फटकार

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पटवारी कोई भगवान नहीं, जो किसी का भी नाम दर्ज कर दे। लिहाजा, मनमानी करने वाले पटवारी के विरुद्ध एफआईआर व विभागीय जांच के आदेश दिए जाते हैं। कलेक्टर सतना आदेश के परिपालन में कार्रवाई सुनिश्चित कर कोर्ट को एक माह के भीतर अवगत कराएंगे दअरसल, पटवारी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व बिहार के पूर्व राज्यपाल गोविंद नारायण सिंह के पुत्र अशोक सिंह व ध्रुव नारायण सिंह के पक्ष में जमीन पर पुश्तैनी कब्जा बताते हुए रिपोर्ट तैयार करने की मनमानी की थी। सतना निवासी अशोक सिंह व ध्रुव नारायण सिंह व एक अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि रीवा के रामपुर बघेलान स्थित जमीन पर उनका पुश्तैनी कब्जा है। पटवारी ने भी इस संबंध में अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है। भूमि मालिक मनोहर लाल ने उक्त जमीन उन्हें प्रदान की थी। जिसकी मृत्यु साल 1992 याचिका में कहा हो गया था। मनोहर लाल के वंशजों ने साल 2018 में उक्त भूमि के नामांतरण के लिए आवेदन किया था। जिस पर याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति पेश की थी। याचिका में कहा गया था कि तहसीलदार तथा एसडीएम ने उनके पक्ष में आदेश पारित किया था। जिसके विरुद्ध अनावेदकों ने अतिरिक्त संभागायुक्त के समक्ष अपील दायर की थी।

## आंध्र प्रदेश के भक्त से उज्जैन में भस्म आरती के नाम पर १४ हजार रुपये की ठगी

प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश से आए श्रद्धालु नागोजू सत्यनारायण 10 अप्रैल को परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आए थे। रेलवे स्टेशन के समीप एक होटल में उनकी मुलाकात पुजारी कैलाश गुरु के सेवक रोमीन शर्मा से हुई।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती के नाम पर भक्तों से साथ ठगी व धोखाधड़ी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को भस्म आरती दिलाने के नाम पर आंध्र प्रदेश से आए दर्शनार्थी के साथ 14 हजार रुपये की ठगी होने का मामला सामने आया है। मंदिर समिति ने आरोपित के विरुद्ध महाकाल थाने में एफआइआर दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश से आए श्रद्धालु नागोजू सत्यनारायण 10 अप्रैल को परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आए थे। रेलवे स्टेशन के समीप एक होटल में उनकी मुलाकात पुजारी कैलाश गुरु के सेवक रोमीन शर्मा से हुई।

रोमीन ने उन्हें भस्म आरती दर्शन अनुमति दिलवाने का झांसा दिया और प्रति व्यक्ति दो हजार रुपये के हिसाब से सात लोगों के 14 हजार रुपये आनलाइन लिए। दर्शनार्थियों को 11 अप्रैल को तड़के 4 बजे भस्म आरती दर्शन कराने का सौदा तय हुआ था। श्रद्धालु निर्धारित समय पर तड़के 4 बजे मंदिर पहुंचे।

## एमपी में ४२ डिग्री सेल्सियस के पार तापमान अभी ओर गर्मी का रौद्र रूप बाकी है



अत्यधिक गर्मी के लिए प्रसिद्ध बड़वानी जिले में सूरज के तेवर तीखे हो गए है। 42 डिग्री सेल्सियस के पार हुए पारे ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। भीषण गर्मी हलाकान कर रही है। दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा पसर रहा है। लोग घरों में कैद होकर कूलर पंखे और एसी की ठंडी हवा से गर्मी से राहत पा रहे हैं। शाम के समय राजघाट पर नर्मदा स्नान व जलक्रीड़ा के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचने लगे हैं। शीतलपेय की दुकानों पर भी देर रात तक लोगों का तांता लगा रहता है। वहीं गर्मी में लू और तापघात से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेखा जमरे ने बताया कि जिले में अत्यधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए लू–तापघात से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई है। गर्मी में शुष्क वातावरण में लू, तापघात की संभावना जानलेवा भी हो सकती है। लू से बचाव के लिए गर्मी के दिनो में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्राका प्रयोग करें। भोजनकरके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तोलिये से ढ़ंककर ही धूप में निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीये एवं पेय पदार्थो का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखे।

बच्चों का रखें विशेष ध्यान चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखे। बच्चों को सिखाये कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरन्त घर के अंदर आये, गर्मी के दिनो में बुजुर्गो का भी विशेष ध्यान रखे। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दे। समय–समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें। सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थो का सेवन कराए। गर्मी के दिनो में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। तीव्र धूप को घर के अंदर आने से रोके। पालतू जानवरों को भी कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। संतुलित व हल्का तथा नियमित भोजन करे।

यह है लू के लक्षण - लू में गर्म लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है। इसके प्रभाव से मितली या उल्टी आना, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज हो जाना। घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द हो सकता है। रोगी को तुरन्त छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दे एवं हवा करें।

रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य, पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठंडे पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल, कच्चे आम का शर्बत (पना) आदि दे।

रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए संभव हो तो उसे ठंडे पानी से स्नान कराये या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टिया रखकर पूरे शरीर को ढक दे, इस प्रक्रिया को तब तक दोहराये, जब तक कि शरीर का ताप कम नही हो जाता।

# पाकिस्तान में बारिश की तबाही से मौत का मंजर खैबर, बलुच में आपातकाल घोषित 50 की मौत

खैबर पखतूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद में ज्यादा नुकसान की सम्भवना पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी



संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के बाद अब पाकिस्तान में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। वहां बारिश और बाढ़ से 50 लोगों की मौत हो चुकी है। खैबर पख्तूनख्वा में सबसे ज्यादा असर है। पाकिस्तान के अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक 12 अप्रैल से पाकिस्तान के कई प्रांतों में तेज बारिश हो रही है।पाकिस्तान की डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी का कहना है कि 32 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इससे दक्षिण–पश्चिमी इलाकों, यानी बलूचिस्तान और खैबर पखतूनख्वा में इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। अस्पतालों में लोगों के रहने की व्यवस्था की जा रही है। ने लोगों को घर से न. निकलने की एडवाइजरी जारी की है। बाढ़प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है । आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा हैं।22 अप्रैल तक तेज बारिश का अलर्ट पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। दक्षिणी प्रांतों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। तूफान बलूचिस्तान में भारी तबाही मचा सकता है। खैबर पखतूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद में ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

# इंडिया आउट का नारा देने वाले मालदीव के पुर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भ्रष्टाचार मामले में रिहा

भारत के खिलाफ नफरत फैलाने की शुरूआत अब्दुल्ला ने की थी बाद मे मोइज्जु राष्ट्रपति बने।

मालदीव की अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को भ्रष्टाचार के मामले में मिली सजा को रद्द करते हुए रिहा कर दिया है। कोर्ट ने यामीन के खिलाफ नए सिरे से केस चलाने का आदेश भी दिया है। यामीन पर एक रिसॉर्ट लीज पर देने के लिए 11 लाख डॉलर का रिश्वत लेने का आरोप था।मालदीव की उच्च न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को रिहा कर दिया है। यामीन पिछले 480 दिनों से भ्रष्टाचार के मामलों में सजा काट रहे थे। पिछले साल मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बादअब्दुल्ला यामीन को जेल से निकालकर उनके घर में कथित तौर पर नजरबंद कर दिया गया था। हालांकि, इसके बावजूद वहसार्वजनिक रैलियों को संबोधित कर रहे थे। मालदीव की कोर्ट ने यामीन को रिहा करते हुए कहा कि वावु आरा



द्वीप के पट्टे में रिश्वतखोरी के मामले में उनके मामले में फिर से मुकदमा चलाया जाएगा। यामीन ने ही मालदीव में इंडिया आउट का कैंपेन चलाया था। खुद को सजा मिलने के बाद मोहम्मद मुइज्जू को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया।

शैष खबर नीचे

https://sbpatra.in/

# विधायक पत्नी कर रहीं पतिके खिलाफ प्रचार, झोपड़ी में पति व पत्नी घर में

बालाघाट बसपा प्रत्याशी बोले-पत्नी भ्रष्टों के साथ, जवाब-पति ही राजनीतिक गुरू





'जब ओलावृष्टि हुई और किसानों की फसल बर्बाद हो गई तो अनुभा मुंजारे कहां थीं? तब विधायक क्षेत्र के किसानों को अपने हाल पर छोड़कर काशी–मथुरा घूम रही थीं। अब ये वो अनुभा मुंजारे नहीं रहीं। ये भ्रष्टाचारियों के साथ मिल गई हैं।'

ये बयान बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कंकर मुंजारे का है। मुंजारे हर सभा में इस बयान को दोहराकर अपनी विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के खिलाफ ही बोल रहे हैं। इसी के साथ वे कांग्रेस को वोट न देने की अपील भी कर रहे हैं।

दूसरी तरफ, बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे सभाओं और बैठकों में कांग्रेसउम्मीदवार सम्राट सिंह सरस्वार के लिए वोट मांग रही हैं जबकि उनके पति कंकर मुंजारे खुद बसपा से प्रत्याशी हैं। पति–पत्नी के बीच का ये वैचारिक मतभेद प्रदेश की सियासत में चर्चा का विषय बना हुआ है। पति–पत्नी एक दूसरे के खिलाफ प्रचार तो कर ही रहे हैं, अलग–अलग भी रह रहे हैं।

वोटिंग यानी 19 अप्रैल तक कंकर मुंजारे ने अपना घर छोड़ दिया है।

वे बालाघाट से 20 किमी दूर खेत में झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। वहीं, अनुभा मुंजारे बालाघाट के मकान में अपने बेटे के साथ हैं। पढ़िए, किस तरह बालाघाट लोकसभा के चुनाव में पति और पत्नी के बीच नजर आ रहा है ये राजनीतिक अलगाव...

## इंडिया आउट का नारा देने वाले मालदीव के पुर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भ्रष्टाचार मामले में रिहा

यामीन पर क्या था आरोप – यामीन को रिसॉर्ट लीज लेनदेन के लिए 1.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिश्वत लेने और उसे वैध बनाने का दोषी पाया गया था। आपराधिक अदालत ने 25 दिसंबर, 2022 को उन्हें 11 साल जेल की सजा सुनाई और 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया। सजा के खिलाफ मार्च 2023 में अपील की गई और सुनवाई जून 2023 में शुरू हुई। अंतिम बयान 21 नवंबर, 2023 को सुने गए। अपील की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति हुजैफा मोहम्मद ने कहा कि एक आपराधिक न्यायालय के दस्तावेज में कहा गया है कि प्री–ट्रायल गति की अनुमति देने की अवधि छुट्टियों को शामिल किए बिना गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अन्याय है कि इस अवधि को छुट्टियों सहित गिना गया, जैसा कि बाद में पता चला।

# पाकिस्तानी डॉन सरफराज की हत्या का पाक ग्रह मंत्री को भारत पर शक पुर्व में भी ऐसी हत्याए भारत ने करवाई

पाक ग्रह मंत्री ने सरफराज की मौत में भारत का हाथ बताया, कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे शामिल





पाकिस्तान के इंटीरियर मिनिस्टर (गृह मंत्री) मोहसिन नकवी ने अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की मौत में भारत का हाथ होने की आशंका जताई है। नकवी ने कहा है कि पिछले दिनों हुई हत्याओं में भी भारत सीधे तौर पर शामिल था। इस हत्या में भी वैसा ही पैटर्न नजर आ रहा है।सोमवार को लाहौर में मीडिया से बात करते हुए नकवी ने कहा, पाकिस्तान में पिछले दिनों में हुई कई हत्याओं में भारत के शामिल होने की आशंका है। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले में जांच कर रही है। इसलिए कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर – दरअसल, रविवार (14 अप्रैल) को दो अज्ञात हमलावरों ने अमीर सरफराज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमीर उस समय लाहौर के इस्लामपुरा में अपने घर में था, जब उस पर हमला हुआ। हमलावरों ने घर की घंटी बजाई और जैसे ही अमीर दरवाजा खोलने बाहर आया, उस पर पास से फायरिंग कर दी। इसके बाद अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। अमीर सरफराज के भाई जुनैद सरफराज की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कर लिया है। पंजाब प्रांत की सरकार ने केस को पुलिस के काउंटर–टेररिज्म डिपार्टमेंट को ट्रांसफर कर दिया है, जो आईएसआई का ही एक हिस्सा माना जाता है।

अमीर पर सरबजीत को मारने का आरोप माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने आइएए के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट–पीटकर हत्या कर दी थी।

यह हत्या भारत में अफजल गुरु की फांसी के 2 महीने बाद हुई थी। अफजल 2001 के संसद हमले का मास्टरमाइंड था।

# पाकिस्तान में सिख व्यक्ति की पगडी उतार कर नंगा कर पीटा

पाकिस्तान में बैसाखी का त्योहार मनाते हुए सिख व्यक्ति को नंगा कर जमकर पीटा गया। यही नहीं, पाकिस्तान के कट्ध्टरपंथी संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। जिसे अब सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

यह वीडियो भाजपा के नेता मनजिंदर सिरसा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की है।प्रधानमंत्री शाहबाज हर बार अल्पसंख्यक सिखों और हिंदुओं पर कट्ध्टरपंथियों की ज्यादतियों को लेकर चुप रहते हैं। सिरसा ने भारतीय विदेश मंत्रालय के फॉरेन सेक्रेटरी विनय क्वात्रा को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए मांग की कि वे इस मामले को पाकिस्तान सरकार के साथ उठाएं।सिरसा ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा– पाकिस्तान से एक बर्बरता वाला वीडियो सामने आया। जिसमें एक सिख व्यक्ति का नंगा किया गया। पैर बांधे गए। पगड़ी उतारी गई। फिर लाठी–डंडों से पीटा गया। वीडियो में तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान का लोगो लगा है। मुझे बताया गया कि कट्ध्टरपंथियों ने निर्दोष सिख को सिर्फ इसलिए पीटा कि वह बैसाखी मना रहा था।

सजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि ये निंदनीय घटना है। वीडियो के आधार पर एसजीपीसी पाकिस्तान सरकार को लिखेगी। पाकिस्तान में सिखों व अल्पसंख्यकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाना सही नहीं है।

सिरसा ने कहा– पाकिस्तान सरकार–पीएम की चुप्पी दुखद, भारतीय विदेश मंत्रालय मामला उठाए मनजिंदर सिरसा ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए लिखा– यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार और

# भारतीयो का दुसरा बैच भी मालदीव से निकला संसदीय चुनाव कैंपेन मे मोइज्जू ने कहा बताया

राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने चुनावी अभियान के दौरान २३ सितंम्बर को इण्डीया गो आउट का नारा दिया था



मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब वहां संसदीय चुनाव में भी भारत का जिक्र हो रहा है। मालदीव में 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव हैं। इस दौरान एक चुनावी कैंपेन में मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों का जिक्र किया।उन्होंने लोगों को भारतीय सैनिकों के मालदीव से निकाले जाने के बारे में जानकारी दी।12 अप्रैल को एक चुनावी बैठक के दौरान मुइज्जू ने बताया कि मालदीव से 9 अप्रैल को भारतीय सैनिकों को दूसरा बैच भी निकल चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिकसेना का ये बैच वहां डोर्नियर विमान का संचालन करता था। मालदीव में मुइज्जू सरकार की इंडिया आउट मुहीम के तहत वहां से भारतीय सैनिकों को निकाला जा रहा है। मालदीव में अब सैन्यकर्मियों की जगह ले रही है भारतीय टेक्निकल स्टाफ टीम मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सैनिक के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। इसके तहत 25 भारतीय सैनिकों के पहले समूह ने 11 मार्च को ही मालदीव छोड़ दिया था। फरवरी में नई दिल्ली में हुए मालदीव और भारत के बीच समझौते में ये तय हुआ थाकि सैन्य विमानों के संचालन की देखरेखके लिए मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों की जगह भारत की टेक्निकल स्टाफ टीम लेगी। इसके बाद 29 मई को 26 टेक्निकल स्टाफ का पहला बैच मालदीव पहुंच गया था। तस्वीर मालदीव में मौजूद भारतीय हेलिकॉप्टर की है। इन्हें ऑपरेट करने के लिए मालदीव में भारतीय सैनिक मौजूद हैं। तस्वीर मालदीव में मौजूद भारतीय हेलिकॉप्टर की है। इन्हें ऑपरेट करने के लिए मालदीव में भारतीय सैनिक मौजूद हैं।मालदीव में करीब 88 भारतीय सैनिक हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते हैं। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव में इंडियन हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट मानवीय और मेडिकल इमरजेंसी में वहां के लोगों की मदद करते रहें। इन ऑपरेशन को संभालने के लिए ही टेक्निकल स्टाफ भेजा गया है।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्या समाग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । – सम्पादक मधुसूदन शर्मा